RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025 | वर्ष 07 | अंक 174 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई : 45 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन की सड़क दुर्घटना में दुखद मौत**




Page - 2

# गंदगी में 'बीमार' आपला दवाखाना,
## ठाकरे क्लिनिक में मच्छरों का आतंक, डॉक्टर को मिली सस्पेंड की धमकी

**कांदिवली :** शिंदे सरकार की 'आपला दवाखाना' योजना का हाल अब खुद बीमार नजर आने लगा है। कांदिवली के पोईसर में बना 'बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना' गंदगी, मच्छरों और सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। हाल ये है कि यहां इलाज कराने आने वाले मरीज खुद बीमार होकर लौट रहे हैं। मरीजों का कहना है कि दवा लेने आते हैं, लेकिन शाम होते ही मच्छरों का तांडव शुरू हो जाता है। खांसी-जुकाम की दवा लेने आए लोग मलेरिया का शिकार बन रहे हैं। डॉक्टर की केबिन में भी पानी भरा रहता है। न सफाई होती है, न मच्छर मारने की व्यवस्था। दवाखाना में फैली गंदगी से मच्छर जनित बीमारियों का खतरा हर दिन बढ़ता जा रहा है। हिंदुस्तान सेवा संस्था के उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग से की थी। अधिकारी कोमल ने एक हफ्ते में समस्या सुलझाने का आश्वासन दिया था, लेकिन 90% परेशानी अब भी जस की तस बनी है। दवाखाने के डॉक्टर अक्षय वीर ने बताया कि उन्होंने खुद अधिकारियों को अस्पताल की दयनीय हालत की जानकारी दी, लेकिन कार्रवाई की बजाय उन्हें ही निलंबित करने की धमकी दे दी गई। उन्होंने कहा कि ''हम डॉक्टर और स्टाफ खुद मलेरिया जैसी बीमारियों से पीड़ित हो गए हैं। पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। बीएमसी की गाड़ी महीनों तक मेडिकल कचरा नहीं उठाती।''






मरीज संजय वर्मा ने बताया, ''मुझे सिरप तीन दिन का चाहिए था, पर एक दिन का ही मिला। दवाइयों का स्टॉक खत्म है। मजबूरी में बाहर से खरीदना पड़ता है। शाम होते ही मच्छरों से बचना मुश्किल हो जाता है।'' दवाखाने में न पीने का साफ पानी है, न साफ-सफाई। प्यूरीफायर और टंकी धूल फांक रहे हैं। मेडिकल वेस्ट उठाने बीएमसी महीनों लगाती है। अगस्त 2025 में हिंदुस्तान सेवा संस्था ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा था, लेकिन कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया गया। पोईसर का 'आपला दवाखाना' अब जनता की सेवा का नहीं, बल्कि प्रशासन की लापरवाही का प्रतीक बन चुका है।

## पुणे : बच्चों की मौत के बाद एफडीए सतर्क... कफ सिरप 'रेस्पिफ्रेश टीआर' का बड़ा स्टॉक जब्त




**पुणे :** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से कई बच्चों की मौत के बाद, महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) सतर्क हो गया है। पुणे में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, एफडीए ने रेडिनेक्स फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित कफ सिरप 'रेस्पिफ्रेश टीआर' का एक बड़ा स्टॉक जब्त किया है।इन मौतों के बाद, राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने राज्य में कफ सिरप निमार्ताओं की गहन जाँच शुरू कर दी है। खाद्य एवं औषधि विभाग के संयुक्त आयुक्त गिरीश हुकरे ने बताया कि मेडिकल स्टोर और सरकारी अस्पतालों से कफ सिरप के नमूने जाँच के लिए एकत्र किए जा रहे हैं।

# कांदिवली : क्लासमेट ही कर रही थी नाबालिग लड़की को परेशान
### कांदिवली पुलिस स्टेशन में हैरान कर देने वाला मामला

**मुंबई:** कांदिवली पुलिस स्टेशन में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से लगातार परेशान करने वाले मैसेज भेजे जा रहे थे. जब पीड़िता ने उस नंबर को ब्लॉक किया, तो उसी नंबर से उसकी मां के मोबाइल पर मैसेज आने लगे. सूत्रों के मुताबिक, लगातार आने वाले इन मैसेज से परेशान होकर नाबालिग की मां ने भी नंबर ब्लॉक किया और कांदिवली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने शिकायत के आधार पर 10 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 78 और 79, पॉक्सो एक्ट की धारा 12 तथा इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया.

**जांच में चौंकाने वाला खुलासा**


पुलिस जांच में जो खुलासा हुआ, उसने सभी को चौंका दिया. जिस अज्ञात नंबर से ये मैसेज भेजे जा रहे थे, वह किसी बाहरी व्यक्ति का नहीं बल्कि उसी स्कूल की एक नाबालिग छात्रा का था, जो पीड़िता की सहपाठी और उसी की बेंच पार्टनर थी. जांच में सामने आया कि आरोपी नाबालिग छात्रा यह सब मजाक में कर रही थी, लेकिन उसके मजाक ने एक गंभीर मामला बना दिया.



पुलिस ने आरोपी छात्रा के पास से मोबाइल और चैट्स जब्त कर लीं और उसे नोटिस देकर छोड़ दिया. वहीं, इस मामले में अब आरोपी छात्रा के पिता ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और एफआईआर रद्द करने की मांग की है.

# मुंबई: इंडिगो ने बनाया जबरदस्त प्लान
## मैनचेस्टर की फ्लाइट टिकट होगी किफायती...

**मुंबई:** इंडिगो ने 1 जुलाई 2025 को मुंबई से मैनचेस्टर के लिए अपनी पहली लंबी दूरी की उड़ान शुरू की थी. पैसेंजर्स का शानदार रिस्पॉन्स देखने के बाद एयरलाइन ने पिछले हफ्ते दिल्ली से मैनचेस्टर के लिए डायरेक्ट फ्लाइट्स की घोषणा की थी, जिसका ऑपरेशन 15 नवंबर 2025 से शुरू होगा. इतना ही नहीं, इंडिगो ने हाल ही में मुंबई से लंदन हीथ्रो के लिए भी डेली डायरेक्ट फ्लाइट्स की शुरू करने की बात कही है.



**फ्लाइट फ्रीक्वेंसी में हुई 28 फीसदी की बढ़ोत्तरी**

मुंबई से लंदन हीथ्रो की इस फ्लाइट का ऑपरेशन 26 अक्टूबर 2025 से शुरू होंगा. अब ताजा अपडेट ये है कि इंडिगो अपने विंटर शेड्यूल में मैनचेस्टर के लिए कैपेसिटी बढ़ा रही है. 17 नवंबर 2025 से दिल्ली-मैनचेस्टर-दिल्ली रूट पर फ्लाइट हफ्ते में 4 की जगह 5 बार होंगी और मुंबई-मैनचेस्टर-मुंबई मार्ग पर 3 की जगह 4 बार होगी. यानी भारत और मैनचेस्टर के बीच फ्लाइट्स फ्रीक्वेंसी में 28 फीसदी की बढ़ोतरी होगी.

इन सभी फ्लाट्स के लिए इंडिगो के बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर प्लेन इस्तेमाल किए जाएंगे. इंडिगो के अनुसार, यूके और भारत के बीच यात्रा का बाजार काफी आकर्षक है. दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक संबंध और यूके में बढ़ती भारतीय प्रवासी आबादी की वजह से कॉर्पोरेट्स, पर्यटक, छात्र और दोस्तों-रिश्तेदारों से मिलने वाले पैसेंजर्स की मांग लगातार बढ़ रही है.

# ठाणे सेंट्रल जेल में आरओ वाटर कूलर सुविधा शुरू, कैदियों के रिश्तेदारों को मिलेगा ठंडा पानी

ठाणे सेंट्रल जेल में कैदियों से मिलने आने वाले उनके रिश्तेदारों के लिए एक नई सुविधा शुरू की गई है। इनरव्हील क्लब ऑफ ठाणे वेस्ट की ओर से प्रतीक्षालय में आरओ वाटर कूलर की स्थापना की गई है। इस पहल का उद्देश्य जेल आने वाले लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। आरओ वाटर कूलर का उद्घाटन इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह, पूर्व जिला गवर्नर कुमार केवलरमानी, रोटरी क्लब ऑफ ठाणे वेस्ट के अध्यक्ष संतोष कदम और इनरव्हील क्लब ऑफ ठाणे वेस्ट की अध्यक्ष सुखी कोपरकर की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जेल अधीक्षक राजाराम भोसले, उप अधीक्षक विलास कापड़े और वरिष्ठ जेल अधिकारी कैलाश भावर भी मौजूद रहे। जेल प्रशासन ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इनरव्हील क्लब ऑफ ठाणे वेस्ट को धन्यवाद दिया।



## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## नेतृत्वकारी भूमिका...

स्टैनफोर्ड के हूवर हिस्ट्री लैब के डैन वांग ने अपनी पुस्तक 'ब्रेकनेक: चाइनाज क्वेस्ट टु इंजीनियर द फ्यूचर' के माध्यम से व्यापक तौर पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। इसमें वे तर्क देते हैं कि चीन एक 'इंजीनियरिंग राज्य' है, जबकि अमेरिका 'वकीलों का राज्य' है। यह विश्लेषण नया नहीं है। द इकनॉमिस्ट के अनुसार, 1998 में चीन की यात्रा के दौरान बिल क्लिंटन ने कहा था, 'आपके पास बहुत सारे इंजीनियर हैं, और हमारे पास बहुत सारे वकील... चलिए अदला-बदली कर लेते हैं!' आज अगर आप चीन जाएं तो उसकी इंजीनियरिंग की सफलताएं आपको चौंका देंगी। आपका यह स्तंभकार एक दशक बाद पिछले महीने चीन गया तो उसे ऐसा ही कुछ अनुभव हुआ। आपने चीन के बारे में कितना भी पढ़ा हो, वहां के विशाल हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों, पुलों, ऊंची इमारतों और बुलेट ट्रेनों को देखना और महसूस करना एक अलग अनुभव था। खासतौर पर तब जबकि यह उत्कृष्ट शहरी नियोजन और सार्वजनिक सुविधाओं के उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण के स्पष्ट कौशल के साथ जुड़ा है। यह एक सुव्यवस्थित समाज है जिसने अभूतपूर्व पैमाने पर निर्माण किया है, और वह भी अत्यंत उत्कृष्टता के साथ। यह कमाल इंजीनियरों ने किया है। 20वीं सदी के मध्य में सोवियत संघ ने भी ऐसा ही किया था जो इस समय चीन कर रहा है। उसके राजनीतिक नेतृत्व में इंजीनियरों का दबदबा है। चीन के विशेषज्ञों ली चेंग और लिन व्हाइट के मुताबिक चीन के प्रांतों, प्रमुख शहरों और स्वायत्त क्षेत्रों के 80 फीसदी गवर्नर, मेयर और पार्टी सचिव टेक्नोक्रेट हैं।

ऐसा हमेशा नहीं था। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के आरंभिक नेता मुक्ति संग्राम की उपज थे। इंजीनियर तीसरी पीढ़ी से प्रभावशाली हुए जिन्हें तंग श्याओफिंग ने चुना। इस समूह का नेतृत्व च्यांग चेमिन के हाथों में था जो स्वयं एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे। उनके अलावा झू रोंग्जी, हू चिंताओ और शी चिनफिंग भी इसी श्रेणी में हैं जिन्होंने केमिकल इंजीनियरिंग और लॉ की पढ़ाई की। वान गांग का उदाहरण भी हमारे सामने है। माओ की सांस्कृतिक क्रांति के उत्पीड़न के शिकार वान पीएचडी के लिए जर्मनी जाने में सफल रहे और वहां उन्होंने ऑडी में काम करना शुरू कर दिया।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : एयरपोर्ट बड़ी कार्रवाई; तीन अलग अलग मामलों में 34 करोड़ की हाइड्रोपोनिक वीड पकड़ी...

**मुंबई :** एयरपोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. डीआरआई, मुंबई जोनल यूनिट ने एक बड़ी मादक पदार्थ तस्करी को नाकाम करते हुए करीब 21.78 करोड़ रुपये की 2.178 किलोग्राम कोकीन जब्त की है, यह कोकीन एक पुरुष यात्री से बरामद की गई, जो फ्रीटाउन से मुंबई पहुंचा था. इसके अलावा कस्टम ने तीन अलग अलग मामलों में 34 करोड़ की हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) पकड़ी. खुफिया सूचना के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने यात्री को उसके आगमन पर रोका और उसके सामान की गहन जांच की. जांच के दौरान उसके बैग में खजूर के पैकेट मिले. इन खजूरों के अंदर बीजों की जगह काले रंग के छोटे पेलेट्स छिपाए गए थे, जिनके अंदर सफेद पाउडर जैसा पदार्थ मिला. एनडीपीएस फील्ड किट से परीक्षण करने पर यह पदार्थ कोकीन पाया गया.

**2 आरोपी गिरफ्तार**

तेजी से की गई आगे की कार्रवाई में अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर ही मादक पदार्थों के संभावित प्राप्तकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया. जब्त किए गए मादक पदार्थों को मादक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम , 1985 के तहत जब्त किया गया है, और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. फिलहाल इस मामले की जांच जारी है ताकि इस तस्करी नेटवर्क के अंतरराष्ट्रीय संबंधों का पदार्फाश किया जा सके. राजस्व खुफिया निदेशालय देश को नशा मुक्त भारत बनाने के अपने संकल्प पर अडिग है. यह संस्था लगातार मादक पदार्थों की तस्करी रोकने, अंतरराष्ट्रीय गिरोहों को ध्वस्त करने और राष्ट्र के स्वास्थ्य, सुरक्षा और भविष्य की रक्षा करने के लिए तत्पर है



इसके अलावा मुंबई कस्टम्स जोन-3 के अधिकारियों ने 6 और 7 अक्टूबर 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर तीन अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 34.207 किलो हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 34.207 करोड़ रुपये बताई जा रही है. पहले मामले में, विशेष खुफिया सूचना के आधार पर फुकेट से उड़ान क्यूपी 619 से पहुंचे एक यात्री के पास से जांच के दौरान 6.377 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद किया गया. प्रतिबंधित मादक पदार्थ यात्री के चेक-इन ट्रॉली बैग में छिपाकर लाया गया था. आरोपी को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया है.

**17.862 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद**

दूसरे मामले में, बैंकॉक से उड़ान 6ई 1060 से पहुंचे एक यात्री के बैग की जांच में 17.862 किलो हाइड्रोपोनिक वीड मिला, जिसकी कीमत 17.862 करोड़ रुपये आंकी गई है. आरोपी यात्री को भी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया. तीसरे मामले में, फुकेट से उड़ान 6ई 1090 से आए तीन यात्रियों को रोका गया, जिनके पास से कुल 9.968 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुआ. तीनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया है. मुंबई कस्टम्स जोन-3 के अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्रियों को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है.

# मुंबई : 45 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन की सड़क दुर्घटना में दुखद मौत




**मुंबई :** मानखुर्द में 45 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन की सड़क दुर्घटना में दुखद मौत हो गई। वह एक तेज रफ़्तार अर्टिगा कार की चपेट में आ गया और बाद में एक निजी ट्रैवल्स बस ने उसे कुचल दिया। यह भीषण दुर्घटना व्यस्त सायन-पनवेल राजमार्ग पर हुई। मानखुर्द पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, मृतक, मोहम्मद फाज़िल खान, महात्मा फुले नगर, बापूराव जगताप मार्ग, बायकुला (पश्चिम) निवासी, रात लगभग 8:15 बजे अपने यामाहा फ़दोपहिया वाहन **(MH-01-CS-3260)** से नवी मुंबई की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह मानखुर्द टोल प्लाजा के पास पहुँचे, पीछे से तेज रफ़्तार से आ रही एक ग्रे रंग की अर्टिगा कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

इस टक्कर के कारण फाज़िल नियंत्रण खो बैठे और सड़क के दाईं ओर डिवाइडर से टकरा गए। वह लगभग 25 फीट दूर सड़क पार करके बाईं लेन में जा गिरे। उसी समय, नाइक ट्रैवल्स द्वारा संचालित और उसी दिशा में जा रही एक वोल्वो बस **(AR-01-V-4688)** ने अपने दाहिने पिछले पहियों से फाज़िल को कुचल दिया, जिससे उसके दोनों पैर गंभीर रूप से घायल हो गए। हैरानी की बात यह है कि अर्टिगा का चालक बिना रुके या कोई मदद दिए घटनास्थल से भाग गया। इस बीच, बस चालक चैनसिंह रूपसिंह चौहान ने थोड़ी दूर आगे जाकर गाड़ी रोकी और तुर्भे स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर के 27 वर्षीय डिलीवरी कर्मचारी आकाश अनिल धागे की मदद से फाज़िल को बस के नीचे से निकालकर सड़क के किनारे ले गया। घटना के तुरंत बाद मानखुर्द पुलिस और आपातकालीन चिकित्सा सेवाएँ घटनास्थल पर पहुँचीं। फाज़िल को तुरंत राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया। हालाँकि, चिकित्सीय प्रयासों के बावजूद, 7 अक्टूबर की सुबह लगभग 2:30 बजे उनकी मृत्यु हो गई। फाज़िल के बड़े भाई परवेज खान (50) की शिकायत के आधार पर, मानखुर्द पुलिस ने अज्ञात अर्टिगा चालक और बस चालक चैनसिंह चौहान के खिलाफ भारतीय न्याय

# मेडिकल बिलिंग घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए भ्रष्टाचार का मामला दर्ज

**नागपुर:** केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) ने नागपुर के सिविल लाइंस स्थित कोल एस्टेट स्थित वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) डिस्पेंसरी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पृथ्वी कृष्ण पट्टा और मेसर्स सद्गुरु मेडिकल स्टोर्स के मालिक कमलेश एन. लालवानी के खिलाफ मेडिकल बिलिंग घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। एफआईआर के अनुसार, डॉ. पट्टा और लालवानी ने कथित तौर पर मिलीभगत करके नागपुर स्थित डब्ल्यूसीएल मुख्यालय में फर्जी मेडिकल बिल तैयार किए और जमा किए। सीबीआई ने चिकित्सा अधिकारी पर झूठे और बढ़ा-चढ़ाकर लिखे गए मेडिकल पर्चे तैयार करने का आरोप लगाया है, जिनका इस्तेमाल बाद में निजी केमिस्ट ने डब्ल्यूसीएल से उन दवाओं के लिए भुगतान लेने के लिए किया, जिनकी कीमत या तो बहुत ज्यादा थी या जो वास्तव में दी ही नहीं गईं।

जांचकताओं का यह भी आरोप है कि डॉ. पट्टा ने मरीजों की जानकारी




के बिना महंगी दवाएं जोड़कर पर्चे जारी करने के बाद उनमें हेराफेरी की, जिससे निजी फामेर्सी को बढ़ा-चढ़ाकर बिल बनाने में मदद मिली। ये जाली दस्तावेज फिर डब्ल्यूसीएल के मुख्यालय भेजे गए, जहाँ झूठे दावों के आधार पर भुगतान जारी किए गए। सीबीआई ने अपने प्रेस नोट में कहा, ''इन जाली दस्तावेजों के आधार पर, डब्ल्यूसीएल मुख्यालय, नागपुर द्वारा निजी मेडिकल स्टोर्स को बढ़ा-चढ़ाकर बिल जमा किए गए और उनका भुगतान किया गया।'' सीबीआई के अनुसार, दोनों आरोपियों से जुड़े कई ठिकानों पर तलाशी ली गई, जिनमें डब्ल्यूसीएल डिस्पेंसरी और मेडिकल स्टोर परिसर शामिल हैं। सीबीआई ने कहा, ''कई जगहों पर तलाशी ली गई है और डब्ल्यूसीएल से जुड़ी चिकित्सा सेवाओं में घोटाले का पता लगाने के लिए जाँच जारी है।''

# मुंबई: जोगेश्वरी पूर्व में 22 वर्षीय ऑफिस जाने के लिए निकली थी,
## एक सीमेंट ब्लॉक ऊपर गिरने से मौत; शिकायत दर्ज

**मुंबई:** बुधवार सुबह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, 22 वर्षीय संस्कृति अमीन, जो अपने घर से ऑफिस जाने के लिए निकली थी, एक सीमेंट ब्लॉक उसके ऊपर गिरने से उसकी मौत हो गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। यह घटना ठाकुर रोड, मजासवाड़ी, जोगेश्वरी पूर्व में सुबह करीब 9:30 बजे हुई। पीड़िता को उसके पिता अनिल अमीन एचबीटी ट्रॉमा केयर अस्पताल ले गए; हालाँकि, वहाँ पहुँचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। शाम तक, मेघवाड़ी पुलिस ने अमीन का बयान दर्ज किया, जिसने श्रद्धा कंस्ट्रक्शन्स के बिल्डर, ठेकेदार, इंजीनियर और साइट सुपरवाइजर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।



बीएमसी आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ की रिपोर्ट के अनुसार, सीमेंट ब्लॉक शिवकुंज बिल्डिंग से गिरा, जिसका पुनर्विकास कार्य चल रहा है और यह कार्य मेसर्स मजस श्रद्धा लाइफ द्वारा किया जा रहा है।

महाराज भवन, ठाकुर रोड, मजास वाड़ी, जोगेश्वरी पूर्व में एसीसी ब्लॉक गिरने की घटना की सूचना प्रकोष्ठ को दोपहर 12:52 बजे दी गई। डॉ. उजमा (एएमओ-एचबीटी अस्पताल) ने बताया कि संस्कृति अनिल अमीन को अस्पताल पहुँचने पर मृत घोषित कर दिया गया। मेघवाड़ी पुलिस को दिए अपने बयान में, जोगेश्वरी पूर्व में धोबू घाट के पास खानपान का व्यवसाय करने वाले अनिल अमीन (56) ने कहा कि संस्कृति ने होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया था और पिछले 4-5 दिनों से गोरेगांव पश्चिम स्थित आरबीएल बैंक में काम कर रही थी। अमीन ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा, ''बुधवार को, संस्कृति हमेशा की तरह सुबह 9:30 बजे काम के लिए घर से निकली। मैंने बाहर से चीख सुनी और मैं दौड़कर गई और देखा कि बाहर भीड़ जमा हो गई है। मैं भीड़ के बीच से आगे गई और देखा कि मेरी बेटी संस्कृति खून से लथपथ जमीन पर पड़ी है। उसकी दादी ने मेरी बेटी के सिर पर सफेद सीमेंट का ब्लॉक गिरते देखा। अन्य निवासियों की मदद से, मैं संस्कृति को एक ऑटो-रिक्शा में अस्पताल ले गई। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।'' पुलिस मामले की आगे जाँच कर रही है।

# मुंबई: बाइक सड़क पर बने एक गड्ढे में गिर गई; महिला की मौत!



**मुंबई:** एक महिला अपने पति की बाइक के पीछे जा रही थी, तभी बाइक सड़क पर बने एक गड्ढे में गिर गई और नियंत्रण खो बैठी। दंपति सड़क पर गिर पड़े। महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति को अस्पताल ले जाया गया। (महिला की गड्ढे के कारण मौत) यह घटना महाराष्ट्र के पालघर जिले में हुई। 47 वर्षीय अनीता अपने पति अनिल की बाइक के पीछे जा रही थीं। वे नवजे गाँव में अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच, पालगढ़-मनोर-विक्रमगढ़-जवाहर राजमार्ग पर एक गड्ढा बन गया। इसी दौरान, जिस बाइक पर अनिल और अनीता सवार थे, वह गड्ढे में गिर गई। दंपति नियंत्रण खो बैठे और सड़क पर गिर गए। अनीता के सिर में गंभीर चोटें आईं और अनिल को मामूली चोटें आईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान अनीता की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## मुंबई: अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोकीन छिपाने के अनोखे तरीके का पर्दाफाश... खजूर के फलों के अंदर छिपाकर रखी गई थी 2.178 किलोग्राम कोकीन...



**मुंबई :** मुंबई स्थित राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने एक चौंकाने वाली खोज में शहर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोकीन छिपाने के एक अनोखे तरीके का पर्दाफाश किया। फ्रीटाउन से आ रहे एक यात्री को खजूर के फलों के अंदर छिपाकर रखी गई 2.178 किलोग्राम कोकीन के साथ पकड़ा गया, जिसकी कीमत ₹21.78 करोड़ थी। सामान की जाँच के दौरान, अधिकारियों ने पाया कि खजूर के बीजों की जगह सफेद पाउडर से भरी छोटी काली गोलियाँ रखी गई थीं। तुरंत जाँच से पता चला कि वह कोकीन थी। एजेंसी ने बाद में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो खेप लेने के लिए इंतजार कर रहा था।

# मुंबई : रानी बाग में नए जानवरों के आने के बाद पर्यटकों की संख्या में वृद्धि

**मुंबई :** भायखला स्थित वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान और प्राणी उद्यान (रानी बाग) में पिछले कुछ वर्षों में नए जानवरों के आने के बाद पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। खासकर पेंगुइन के आने से पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। अब बीएमसी ने रानीबाग में देशी-विदेशी सांपों को रखने के लिए सर्पालय (स्नेक हाउस) बनाने का निर्णय लिया है। इसमें देशी-विदेशी सांप रखे जाएंगे। रानीबाग के निदेशक डॉ. संजय त्रिपाठी ने बताया, स्नेक हाउस के लिए कंसल्टेंट द्वारा योजना तैयार की जा रही है और यह अंतिम चरण में है। अगले 2 महीनों में इसके लिए टेंडर जारी किया जाएगा। टेंडर फाइनल होते ही काम शुरू हो जाएगा।

**विदेश से भी आएंगे सांप**

डेढ़ से 2 साल में इसके तैयार होने की उम्मीद है। बीएमसी अधिकारी ने बताया, रानी बाग में सांपों का भी निवास स्थान था। हालांकि, समय के




साथ सांपों की संख्या कम होती गई। वर्तमान में यहां केवल अजगर और धामन प्रजाति के 2 सांप बचे हैं। इसलिए यहां पहले से बने सर्पालय को तोड़कर उसका पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की मंजूरी मिल गई है। स्नेक हाउस बनाने के लिए एक सलाहकार भी नियुक्त किया गया है। यहां 15-15 देशी और विदेशी सांपों की प्रजातियों का जोड़ा रखा जाएगा।

**पर्यटकों को आकर्षित करने का प्रयास**

मुंबई के सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल वीरा माता जीजाबाई भोसले प्राणी उद्यान (रानीबाग) से पर्यटकों का मोह धीरे-धीरे भंग हो रहा है। इसलिए रानीबाग में पर्यटकों की संख्या में भारी कमी आई बीएमसी का राजस्व भी घट रहा है। बीएमसी खुद मानती है कि पेंग्विन के बाद रानीबाग में ऐसा कुछ नया नहीं आया, जिससे पर्यटक आकर्षित हों । पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बीएमसी लगातार प्रयास कर रही है। इसमें एक्वेरियम टनल स्नेक हाउस और विदेशी जानवरों के लिए रानीबाग का विस्तार जैसी योजना शामिल है। बीएमसी अधिकारी ने बताया, स्नेक हाउस में कोबरा, इंडियन रॉक पाइथन, चेकर्ड किलबैक, रसेल वाइपर, समुद्री सांप, अजगर आदि रखने की योजना है। बता दें कि लगभग 53 एकड़ में फैले रानीबाग में जानवर, सरीसृप (रेप्टाइल्स) और दुर्लभ पक्षी हैं। रानी बाग में पेंगुइन पर्यटकों के लिए खास आकर्षण बन रहे हैं।

## ठाणे : सात साल का बच्चा अपने घर के पास पानी की टंकी में मृत पाया गया...

**ठाणे :** ठाणे जिले में अपनी कक्षा के लिए निकला सात साल का एक बच्चा अपने घर के पास एक पानी की टंकी में मृत पाया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बच्चा भिवंडी इलाके की एक इमारत में अपने माता-पिता के साथ रहता था। भोईवाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने पीड़ित के पिता, जो एक पावरलूम मजदूर है, की शिकायत के हवाले से बताया कि वह मंगलवार शाम करीब छह बजे एक मस्जिद में अरबी की कक्षा के लिए गया था। अधिकारी ने बताया कि जब बच्चा शाम साढ़े सात बजे तक घर नहीं लौटा, तो उसके माता-पिता ने उसकी तलाश शुरू की और मंगलवार रात उसे पड़ोस की एक इमारत की सीढ़ियों के नीचे एक पानी की टंकी में बेसुध पड़ा पाया। उन्होंने बताया कि लड़के को टंकी से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि लड़का पानी की टंकी में कैसे गिरा। उन्होंने बताया कि उन्होंने फिलहाल आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जाँच कर रहे हैं।


# मुंबई : रफ्तार का कहर; वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर एक तेज रफ्तार Porsche कार डिवाइडर से टकराई

**मुंबई :** बीती रात 2 बजे एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला जब वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर एक तेज रफ्तार Porsche कार डिवाइडर से जा टकराई. यह हादसा बुधवार रात को हुआ. वहां मौजूद लोगों के मुताबिक Porsche और इटह कारें आपस में रेस कर रही थीं. हादसे में ढक्ष्श्रॣै बुरी तरह डैमेज हो गई और ड्राइवर को गंभीर चोटें आई हैं. ये एक्सीडेंट उस समय हुआ जब दोनों कारें काफी तेज रफ्तार में थीं और Porsche का बैलेंस बिगड़ने के बाद वह सीधे डिवाइडर से टकरा गई. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. इस मामले में पुलिस आगे की जांच की जा रही है. वहीं, इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.

ये एक्सीडेंट उस समय हुआ जब दोनों कारें काफी तेज रफ्तार में थीं और Porsche का बैलेंस बिगड़ने के बाद वह सीधे डिवाइडर से टकरा गई. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. इस मामले में पुलिस आगे की जांच की जा रही है. वहीं, इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.

**क्या हुआ हादसे की रात?**

घटना बुधवार देर रात की है



जब महाराष्ट्र के मुंबई शहर में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर तेज रफ्तार Porsche और BMW कारें आपस में रेस कर रही थीं. इस दौरान Porsche का कंट्रोल ड्राइवर से छूट गया और वह डिवाइडर से जा टकराई. इस टक्कर के बाद Porsche बुरी तरह डैमेज हो गई और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया. वहां मौजूद लोगों का कहना है कि दोनों कारों की रफ्तार लगभग 150 किमी प्रति घंटा के आसपास थी. पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया.

**वायरल हुआ वीडियो**

हादसे के तुरंत बाद कुछ विजुअल्स और वीडियो सामने आए, जिनमें साफ देखा जा सकता है कि नीले रंग की Porsche कार पूरी तरह से डैमेज हो चुकी है. कार का अगला हिस्सा पूरी तरह टूट चुका है और चारों ओर कार के पुर्जे बिखरे पड़े हैं.

**याद आया पुणे का Porsche हादसा**

यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब कुछ महीने पहले मई 2024 में पुणे में एक ढक्ष्श्रॣै कार हादसे ने पूरे देश में हड़कंप मचा दिया था. उस मामले में एक नाबालिग युवक ने शराब पीकर Porsche चलाते हुए दो आईटी प्रोफेशनल्स को कुचल दिया था. यह हादसा पुणे के कल्याणी नगर इलाके में हुआ था, जहां बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी.




# मुंबई: नई परिवहन क्रांति से खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे हैं मछुआरे और डब्बावाले; मेट्रो को सामाजिक विभाजन का प्रतीक नहीं बनना चाहिए...

**मुंबई :** मुंबई मेट्रो शहर के सबसे पुराने मछुआरा समुदाय के घर कोलाबा पहुँचने की तैयारी कर रही है, लेकिन हर कोई जश्न नहीं मना रहा है. मुंबई के दो सबसे अभिन्न कार्यबल, मछुआरे और डब्बावाले, का कहना है कि वे शहर की इस नई परिवहन क्रांति से खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे हैं. दोनों समुदायों - कोलाबा के मछुआरे और चर्चगेट के डब्बावाले - ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा है कि मेट्रो को सामाजिक विभाजन का प्रतीक नहीं बनना चाहिए.

अखिल महाराष्ट्र मच्छीमार कृति समिति के अध्यक्ष दामोदर टंडेल ने कहा, ''मछुआरा समुदाय और मेट्रो, इसके डिब्बे और स्टेशन, एक-दूसरे के साथ नहीं चलते. शायद इसीलिए मछुआरे और मछुआरिनें इन सुविधाओं का उपयोग नहीं कर पाएँगे.'' उन्होंने कहा, ''अगर मेट्रो का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के हर नागरिक को बेहतर परिवहन प्रदान करना है, तो इसमें रोजाना मछलियाँ ले जाने वाली मछुआरिनों या उपज ले जाने वाले छोटे किसानों के लिए प्रावधान शामिल





होने चाहिए. अन्यथा, मेट्रो केवल नागरिकों के बीच एक विभाजन पैदा करेगी, जो प्राथमिक व्यवसायों में लगे लोगों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है.''

टंडेल ने आगे कहा कि नई मेट्रो लाइनें आधुनिक परिवहन का वादा तो करती हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि वे उन लोगों को भूल गई हैं जिन्होंने मुंबई के तटीय चरित्र को परिभाषित करने में मदद की. उन्होंने कहा, ''मेट्रो के डिब्बों और स्टेशनों का डिजाइन मछुआरों या सामान ढोने वाले छोटे व्यापारियों के लिए उपयुक्त नहीं है.'' उन्होंने आगे कहा, ''अगर मेट्रो को समतावादी होना है, तो इसमें समावेशिता झलकनी चाहिए. अन्यथा, यह बहिष्कार का प्रतीक बनकर लोगों को पेशे और वर्ग के आधार पर अलग-थलग कर देगी, जो हमारे संविधान की भावना के विरुद्ध है.'' टंडेल ने डिजाइन उन्नयन में समावेशिता दिखाने के लिए भारतीय रेलवे की भी प्रशंसा की. ''एक मिड-डे रिपोर्ट के बाद, उपनगरीय एसी ईएमयू अलग वेंटिलेशन वाले लगेज कंपार्टमेंट लगाने की योजना बना रही हैं, जो यह साबित करता है कि समावेशिता संभव है. मेट्रो को भी यही संवेदनशीलता और दूरदर्शिता दिखानी चाहिए, ताकि मछुआरे और छोटे व्यापारी अपने ही शहर की विकास यात्रा से बाहर न रह जाएँ.'' मुंबई के डब्बावालों ने भी इसी तरह की चिंताएँ व्यक्त कीं.

# मुंबई : 1.14 करोड़ से ज्यादा मूल्य के प्रतिबंधित गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पादों का बड़ा जखीरा बरामद

**मुंबईः** तंबाकू माफिया के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में, मुंबई क्राइम ब्रांच ने ₹1.14 करोड़ से ज्यादा मूल्य के प्रतिबंधित गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पादों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने दो गोदामों पर छापेमारी के बाद इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, पहली छापेमारी 4 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच की यूनिट 6 द्वारा घाटकोपर में ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के पास कामराज नगर इलाके में की गई थी। इस दौरान, पुलिस ने 26 वर्षीय फिरोज शेख नामक एक व्यक्ति को ₹13.44 लाख मूल्य के प्रतिबंधित गुटखे के साथ रंगे हाथों पकड़ा।



पूछताछ के दौरान, शेख ने अपने दो साथियों फैजान अंसारी (22) और नवाज अंसारी (25) के नाम बताए, जो कथित तौर पर आरिफ नाम के एक व्यक्ति को गुटखा सप्लाई कर रहे थे। तीनों के खिलाफ संबंधित कानूनों की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जाँच में शेख ने कबूल किया कि उसने ठाणे जिले से गुटखा मँगवाया था। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, मुंबई और नारपोली पुलिस की एक संयुक्त टीम ने 7 अक्टूबर को ठाणे स्थित दो गोदामों पर एक साथ छापेमारी की।

इन छापों के दौरान, पुलिस ने प्रतिबंधित उत्पाद लोड करते हुए ड्राइवरों, पर्यवेक्षकों और मजदूरों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में गुटखा, चार वाहन, छह मोबाइल फोन और अन्य सामग्री जब्त की गई। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग ₹1.14 करोड़ आंकी गई है। अब तक इस रैकेट के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और उन्हें 8 अक्टूबर को अदालत में पेश किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि हाल के दिनों में मुंबई में अवैध गुटखा व्यापार के खिलाफ की गई यह सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक है।

# मुंबई : बिना टिकट यात्रा करने वालों की अब खैर नहीं; वेस्टर्न रेलवे ने अभियान तेज

**मुंबई :** मुंबई लोकल ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने वालों की अब खैर नहीं है। वेस्टर्न रेलवे ने अभियान तेज कर दिया है। रेलवे अपने यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों में लगातार गहन टिकट जांच अभियान चला रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बिना टिकट या अनियमित यात्रियों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाना है। वरिष्ठ वाणिज्यिक अधिकारियों की देखरेख में, पश्चिमी रेलवे की टिकट जांच टीम ने अप्रैल से सितंबर 2025 तक कई अभियान चलाए। इन अभियानों से ₹97.47 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले साल की इसी अवधि से 42% अधिक है। यह रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य




से भी 15% अधिक है। इसमें मुंबई लोकल ट्रेन से ₹27 करोड़ शामिल हैं। पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, विनीत अभिषेक ने बताया सितंबर 2025 में जुमार्ने की वसूली में वृद्धि देखी गई है। इस महीने में 2.35 लाख बिना टिकट/अनियमित यात्रियों (बिना बुक किए गए सामान सहित) का पता लगाकर ₹13.28 करोड़ वसूले गए। पिछले साल सितंबर की तुलना में 116% से अधिक की वृद्धि हुई है। इसमें मुंबई उपनगरीय खंड में 96 हजार से अधिक मामलों का पता लगाकर ₹4 करोड़ से अधिक का जुमार्ना भी शामिल है। एसी लोकल ट्रेनों में अनाधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए, लगातार औचक टिकट जांच अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

मुंबई लोकल ट्रेन में बैग के कारण हुई पांच यात्रियों की मौत, जानिए क्या है पूरा मामला एसी लोकल में चलाए गए इन अभियानों के परिणामस्वरूप, अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच लगभग 49 हजार अनाधिकृत यात्रियों पर जुमार्ना लगाया गया और ₹1.59 करोड़ एकत्र किए गए। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 70% अधिक है। ये परिणाम अनाधिकृत यात्रा पर अंकुश लगाने, यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने और सार्वजनिक राजस्व की सुरक्षा के प्रति पश्चिमी रेलवे के अभियान का परिणाम है।

# मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे पर वैन और कार में टक्कर के बाद लग गई आग; दो लोग जिंदा जल गए

**मुंबई :** इंदौर जिले के बडगोंदा थाना क्षेत्र के नांदेड़ ब्रिज पर बुधवार देर रात तेज रतार ने चार जिंदगियां छीन लीं। मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे पर वैन और कार में टक्कर के बाद वैन में आग लग गई। दो लोग जिंदा जल गए। हादसे में अन्य दो की मौत हुई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि घटना करीब 11 बजे की है। मानपुर से महू की ओर जा रही एक कार डिवाइडर पार कर सामने से



आ रही वैन पर पलट गई।

**टक्कर लगते ही भभक उठी वैन**

इंदौरमें हुए इस हादसे में टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन में तुरंत आग लग गई। लपटों ने पूरी वैन को घेर लिया। राहगीरों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी, तब तक वैन सवार दो लोग जल चुके थे। पुलिस के मुताबिक, कार सवार रविंद्र पिता लक्ष्मण निवासी धामनोद, वैन सवार पलक पिता अशोक (34) निवासी मानपुर और कमलेश पिता मोहन गुर्जर (18) निवासी मानपुर की मौत हुई है। एक अन्य युवक की भी मौत हो गई, शिनाख्त नहीं हो सकी है। तीन गंभीर घायल महू अस्पताल में भर्ती हैं। आग इतनी भीषण थी कि दमकल को बुझाने में लंबा समय लगा। पुलिस और राहगीरों ने मिलकर घायलों को बाहर निकाला। घटनास्थल पर जली हुई वैन के अवशेष और धुएं की तेज गंध देर रात तक हवा में बनी रही। पुलिस के अनुसार, वैन गैस से संचालित होने की आशंका है।

# "मुंबईवासियों की जान से खेलने" का आरोप; सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कूपर अस्पताल का किया निरीक्षण

**मुंबईः** विले पार्ले स्थित आर.एन. कूपर अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष और मुंबई उत्तर मध्य से सांसद वर्षा गायकवाड़ ने राज्य सरकार और बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) पर तीखा हमला बोला और उन पर ''मुंबईवासियों की जान से खेलने'' का आरोप लगाया। गायकवाड़ ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना सरकार और नगर निगम दोनों की नैतिक ज़िम्मेदारी है, फिर भी मुंबई के कई नगर निगम अस्पताल सुविधाओं की कमी के कारण सचमुच



''वेंटिलेटर सपोर्ट'' पर हैं। ''7,000 करोड़ रुपये का स्वास्थ्य बजट कहाँ जा रहा है?'' ''गरीब मरीज परेशान हैं,'' गायकवाड़ ने सवाल किया, ''बीएमसी का 7,000 करोड़ रुपये का स्वास्थ्य विभाग का बजट आखिर कहाँ जा रहा है?''

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com